साप्ताहिक
# दिव्य हिन्दी

प्रबंध सम्पादक : विमल जैन
मो. 9860599784

Web - www.divyahindi.com
ISO CERTIFIED - 9001 : 2015

RNI No. MAHHIN/2016/69919
Postal Lic. No. : AKL/DN/235/2020-2021

वर्ष ७ | अंक : १० | अकोला : रविवार ता. ५ जुन २०२२ | पृष्ठ ४ | किमत २ रुपये

## आए दिन गरीब महिलाओं से ठगो द्वारा नए नए तरीके से आर्थिक शोषण करने के मामले सामने आ रहे हैं

### सरकार आरोपींयों के संपत्तीयों को सीज करके पीडीत नागरीकों को नुकसान भरपाई दें!

विमल जैन

अकोला– ३० मई को आपने देखा कि दिव्य हिंदी न्यूज की टीम ने लाइव स्टिंग ऑपरेशन करके बचत गट चलानेवाली महिलाओं के साथ समय माइक्रो फाइनेंस के लोकेश सोनी और कमलेश साहनी द्वारा इन बचत गट की महिलाओं से ३०० रुपये में रजिस्ट्रेशन कर रु. ३५०० लेकर एक लाख का लोन देने का झांसा देकर ७ लाख जमा कर आरोपी फरार होनेवाले थे परंतु उसके पहले ही दिव्य हिंदी की टीम ने ओपन स्टिंग ऑपरेशन करके माननीय जिलाधिकारी और जिला पुलीस अधीक्षक की सहायता से इन ठगों को जेल के अंदर पहुंचाया.ऐसी घटनाएं क्यों घट रही है? इसका सबसे बड़ा कारण है बैंकों द्वारा सामान्य व्यक्ति को लोन न मिलना. इसीलिए सामान्य परिवार के नागरिक किसी कारण के चलते घर की महिलाओं से महिला बचत गट द्वारा लोन लेने को कहते हैं और ऐसे ही फाइनेंस कंपनियों की माया जाल में फंसते जाते है, अगर कोई लोन बांटने आता है तो कृपया सावधान रहें और इन बातों का विशेष ध्यान रखें.

१)लोन देनेवाली कंपनी के रजिस्ट्रेशन की जांच करें.

२)कंपनी के पास आरबीआई के प्रमाण पत्र होने की जांच करें.

३)कंपनी के कार्यालय तथा कंपनी का भूतकाल क्या था इसकी जांच करें.

४)कंपनी कुछ महीने पहले ही आई है तो ऐसे कंपनियों के चक्कर में ना पड़े.

५) कंपनी से जुडे सभी व्यक्तियों तथा कर्मचारियों की जांच करें.

जब भी किसी माइक्रो फाइनेंस कंपनी से लोन ले तो इसकी जानकारी सबसे पहले परिवार के सदस्यों से साझा करें.

इस तरह की सावधानीयाँ बरतने से आप और आपका परिवार इन ठगों के चंगुल में आने से बच सकता है।

## केंद्रीय मंत्री मा. नितीनजी गडकरी के करकमलों द्वारा दिव्य हिन्दी न्यूज अॅप हूआ लॉन्च




अकोला – केंद्रीय मंत्री विकास महर्षि मा.ना. नितीन गडकरीजी के करकमलों द्वारा दि.२८ मई को अकोला में दिव्य हिन्दी न्यूज अॅप का श्री गणेश हुआ. इस अवसर पर अकोला के लोकप्रिय विधायक गोवर्धनजी शर्मा, आ. रणधीरभाऊ सावरकर, आ. वसंतजी खंडेलवाल, शहर अध्यक्ष विजयजी अग्रवाल, प्रतुलभाऊ हातवलणे, दिव्य हिन्दी न्यूज के प्रबंध संपादक विमलजी जैन के साथ ऑनलाइन पद्धति से दिव्य हिन्दी न्यूज के CTO हिरेनजी केसरिया भी उपस्थित थे.

अब दिव्य हिंदी/प्रिंट पेपर/आईटी प्लेटफोर्म/न्यूज चेनल के साथ अब ॲप्लिकेशन के रुप में भी उपलब्ध है. और यह सब साकार हो सका सभी पाठकों एवं हितैषीयों के आशिर्वाद से. यह पहला न्यूज मिडिया ग्रुप है जो हर क्षेत्र में अब मजबूती से खड़ा हैं.

## मई में जीएसटी संग्रह १.४० लाख करोड़ के पार, पिछले साल के मुकाबले ४४% बढ़ा रेवेन्यू

नई दिल्ली – वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, मई २०२२ में जीएसटी संग्रह कुल रु.१,४०,८८५ करोड़ हो गया जो पिछले साल मई महीने के मुकाबले ४४% ज़्यादा है। हालांकि, यह पिछले महीने के जीएसटी संग्रह से कम रहा है।




गौरतलब है कि अप्रैल २०२२ में GST संग्रह रु.१.६८ लाख करोड़ के सर्वकालिक उच्च स्तर पर था।

## मई में निर्यात १५.४६% बढ़कर ३७.३ अरब डॉलर पर पहुंचा

नागपूर – सरकार ने गुरुवार को बताया कि देश की वस्तुओं का निर्यात मई में १५.४६% बढ़कर ३७.२९ अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और रसायन क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहने से निर्यात बढ़ा है। इस दौरान व्यापार घाटा भी बढ़कर २३.३३ अरब डॉलर पर पहुंच गया जो मई, २०२१ में ६.५३ अरब डॉलर था।

## भारत में पहली बार १०८ घंटों में बन रही अकोला -अमरावती ७५ कोलोमिटर लंबी की सड़क



अमरावती से अकोला तक का ७५ किमी का महामार्ग १०८ घंटों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है. इस काम की शुरुआत ३ जून की सुबह ७ बजे से हो गई है. इससे पहले कतार में तेजगति से सड़क निर्माण करने का रिकार्ड बन चुका है. इस काम के माध्यम से विश्वरिकॉर्ड बनाने का ध्येय कंपनी ने रखा है.

## दुनिया की सबसे बड़ी नेवल एक्सरसाइज



न्युयॉर्क – भारत और अमेरिका समेत २६ देश दुनिया की सबसे बड़ी नेवल एक्सरसाइज करने जा रहे हैं। यह २९ जून से शुरू होकर ४ अगस्त तक चलेगी। अमेरिका के होनोलूलू और सैन डियागो में इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस ड्रिल का बहुत सीधा सा मकसद चीन को यह दिखाना है कि साउथ चाइना सी समेत दुनिया के किसी भी समुद्री क्षेत्र में उसकी दादागिरी नहीं चलेगी।

## सर्विस चार्ज पर सख्ती

नई दिल्ली – केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले के विभाग (डीओसीई) ने नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के साथ हुई बैठक में सर्विस चार्ज न वसूलने



को कहा है। दरअसल, देशभर के रेस्टोरेंट में ग्राहकों से खाने–पीने के बिल में सर्विस चार्ज जोड़कर मांगा जाता है। सरकार ने इस सर्विस चार्ज को गलत मानते हुए इसे न वसूलने को कहा है। सरकार जल्द ही इसको लेकर नियम ला सकती है।

## घुसपैठ के लिए मेडिकल-टूरिस्ट वीजा का इस्तेमाल

नई दिल्ली – बांग्लादेश के जिहादी आतंकियों ने भारत में घुसपैठ करने का नया तरीका तैयार कर लिया है। असम पुलिस के गिरफ्त में आए कुछ आतंकी और मुजाहिदीनों ने पूछताछ में अहम खुलासे किए हैं। बताया कि आतंकी बाग्लादेश से असम के रास्ते भारत में घुसने के लिए मेडिकल और टूरिस्ट वीजा को हथियार बना रहे हैं। मित्र देश होने के कारण बांग्लादेश के नागरिकों के लिए ऐसे वीजा हासिल करना आसान होता है।

## UPI में भारत ने मई में पार किया १० लाख करोड़ माइलस्टोन का आंकड़ा

नई दिल्ली – डिजिटल लेनदेन के मामले में भारत तेज रफ्तार से आगे बढ़ा रहा है। साथ ही माह दर माह डिजिटल लेनदेन के मामले में नए रिकॉर्ड बना रहा है। यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस ट्रांजैक्शन के मामले में भारत ने मई २०२२ में १० लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया (UPI) के लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक यह पहली बार है जब भारत ने UPI लेनदेन के मामले में १० लाख करोड़ के माइल्सटोन को पार कर गया है, जो कि एक नया रिकॉर्ड है।



## सम्पादकीय

# कोशिश सच्ची, लगन पक्की हो तो हर मुश्किल हो सकती है आसान

कहा जाता है कि मन जीता, जग जीता। हालांकि हम सभी अपने शरीर के अंगों और इंद्रियों की मदद से काम करते हैं, किंतु यह तभी हो पाता है, जब हमारा मन उस काम को करना चाहे। जैसे एक विद्यार्थी स्कूल जाता है और क्लास में बैठकर टीचर से पाठ सुनता है। अचानक उसे याद आता है, अरे मैं स्कूल आने से पहले पापा को जगाना भूल गया। रसोई में जो पतीला चढ़ाकर मम्मी गई है उसे चूल्हे से समय पर कौन उतारेगा? बड़ा बवाल हो जाएगा। अब जब तक उस विद्यार्थी की सोच घर में रहेगी, तब तक टीचर क्या बोल रही है, उसे पता ही नहीं चलेगा। टीचर अगर उससे पूछ ले कि मैं क्या बोल रही थी, तो वह बता ही नहीं पाएगा।

हालांकि उसका शरीर उसी स्कूल में था, कान टीचर की आवाज सुन रहे थे, आंखें टीचर को देख रही थीं, लेकिन मन वहां नहीं होने से ये इंद्रियां अपना काम ढंग से नहीं कर पा रहीं थीं। इसलिए मन को बहुत बलवान कहते हैं। मगर मन को जीतना आवश्यक है, नहीं तो छात्र अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाएगा, खिलाड़ी मैदान में खेल नहीं पाएगा, व्यापारी सफल बिजनस नहीं कर पाएगा, गृहणी बढ़िया ढंग से गृह का संचालन नहीं कर पाएगी।

अब प्रश्न यह है कि मन को कैसे जीता जाए? भगवद्गीता में अर्जुन भगवान कृष्ण से यही जानना चाहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि शरीर में इंद्रियों से बलवान होता है मन। लेकिन मन से भी बलवान होती है बुद्धि। बुद्धि से अगर व्यक्ति कुछ करने की ठान ले और उसका अभ्यास करता रहे तो मन को संचालित करना सरल हो जाता है। भगवद्गीता के अनुसार अभ्यास और वैराग्य से मन वश में आ जाता है। अपने लक्ष्य को पाने के लिए दुनिया की वस्तुओं से वैराग और लक्ष्य से अनुराग हो जाए तो सफलता हाथ लगेगी ही।

# जून के तीज-त्योहार : साल भर की सभी एकादशियों के व्रत के बराबर पुण्य दिलानेवाली निर्जला एकादशी १० जून को, १४ जून को रहेगी पूर्णिमा

नया महीना जून शुरू हो गया है। इस महीने में कई खास तीज–त्योहार मनाए जाएंगे। जून में रंभा तीज, गंगा दशहरा, पूर्णिमा, योगिनी एकादशी, अमावस्या तिथि आएगी। इसी महीने ३० जून से गुप्त नवरात्र की शुरुआत होगी। जानिए महीने की खास तिथियां और उनसे जुड़ी खास बातें...

गुरुवार, २ जून को रंभा तीज है। इस तिथि पर सौभाग्य और सुंदर रूप–रंग पाने की कामना से अप्सरा रंभा की पूजा की जाती है। शुक्रवार, ३ जून को विनायकी चतुर्थी है। इस दिन नौतपा समाप्त हो जाएगा। चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश के लिए व्रत–उपवास और पूजा करने की परंपरा है। गुरुवार, ९ जून को गंगा दशहरा है। इस तिथि पर गंगा नदी की पूजा की जाती है। ये पर्व जल का महत्व बताता है। शुक्रवार, १० जून को निर्जला एकादशी है। इस एकादशी का महत्व सालभर की सभी एकादशियों में सबसे अधिक है। ऐसी मान्यता है कि जो लोग इस एकादशी पर व्रत करते हैं, उन्हें सालभर की सभी एकादशियों से प्राप्त होने वाले




पुण्य के बराबर पुण्य मिलता है। ये व्रत निर्जल रहकर किया जाता है। इस कारण इसे निर्जला एकादशी कहते हैं।

रविवार, १२ जून को प्रदोष व्रत है। इस दिन शिव–पार्वती की विशेष पूजा करनी चाहिए। मंगलवार, १४ जून को ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा है। इसी तिथि संत कबीर की जयंती भी है। इस दिन ज्येष्ठ मास खत्म हो जाएगा। बुधवार, १५ जून से आषाढ़ मास शुरू होगा। १५ जून को मिथुन संक्रांति है। इस दिन सूर्य वृष राशि से मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। संक्रांति पर नदी में स्नान करने और दान–पुण्य करने की परंपरा है।

शुक्रवार, १७ जून को गणेश चतुर्थी व्रत है। इस दिन गणेश जी के लिए व्रत–उपवास करना चाहिए।

शुक्रवार, २४ जून को योगिनि एकादशी का व्रत किया जाएगा। एकादशी पर भगवान विष्णु के लिए व्रत–उपवास करना चाहिए। रविवार, २६ जून को प्रदोष व्रत रहेगा। मंगलवार, २८ जून को हलहारिणी अमावस्या है। इस तिथि पर पितरों के लिए श्राद्ध कर्म करना चाहिए।

पंचांग भेद की वजह से २९ जून को भी अमावस्या रहेगी। गुरुवार, ३० जून से आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्र शुरू होगी। गुप्त नवरात्र में महाविद्याओं के लिए साधना की जाती है।

# किआ EV6 इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर लॉन्च : सिंगल चार्ज में 528 KM तक की रेंज, कीमत 59.95

किआ ने आखिरकार अपनी पहली इलेक्ट्रिक क्रास ओवर किआ EV6 को लॉन्च कर दिया है। इसे २ ट्रिम वर्जन GT लाइन RWD और GT लाइन AWD में लॉन्च किया गया है। इसके GT लाइन RWD वर्जन की कीमत ५९.९५ लाख रुपए (एक्सशोरूम) और GT लाइन AWD वर्जन की कीमत ६४.९५ रुपए (एक्सशोरूम) तय की गई है। कंपनी ने बताया इसकी १०० यूनिट पहले ही बिक चुकी हैं। इस कार की बुकिंग २६ मई से




ही शुरू हो गई थी। कार को ३ लाख रुपए के टोकन अमाउंट पर १२ शहरों की १५ चुनिंदा डीलरशिप पर बुक किया जा सकता था। किआ EV6 को अब तक ३५५ प्री बुकिंग मिल चुकी हैं। अब नई बुकिंग सितंबर महीने से शुरू होगी।






# खतरनाक हो सकता है लैंस उतारे बिना सोना

कॉन्टेक्ट लैंस का उपयोग सभी लोग अलग–अलग कारणों से करते हैं। इनमें ज्यादातर संख्या उन लोगों की है, जिन्हें आइसाइट की समस्या है और ये चश्मा नहीं लगाना चाहते हैं। वहीं, कुछ युवा ऐसे भी हैं जो अपनी आंखों का रंग बदलने के लिए या आंखों को अधिक आकर्षक दिखाने के लिए कॉन्टेक्ट लैंस का उपयोग करते हैं। आप इन लैंस को चाहे जिस भी कारण से पहनते हैं, रात को सोने से पहले इन्हें उतारने और कॉन्टैक्ट सलूशन में रखने की सलाह आपके डॉक्टर ने



जरूर दी होगी. डॉक्टर की इस सलाह को हल्के में नहीं लेना चाहिए.

### लैंस पहनकर सोने से क्या होता है?

रात को लैंस ना पहनकर सोने की दो बड़ी वजह आपको बताई गई हैं, इनके अलावा लैंस पहनकर सोने से आंखों में और कौन–सी दिक्कतें होती हैं, यहां जानें...

आपकी आंखें रोशनी के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाती हैं. यानी थोड़ी भी तेज रोशनी में आपको आंखें खोलने में दिक्कत आ सकती है.

आंखों में दर्द, रुखेपन का अहसास और खुजली की समस्या हो सकती है.

आंखें लाल रहने लगती हैं, दृष्टि दोष बढ़ सकता है यानी आइसाइट कमजोर हो सकती है, आंखों से पानी आने की समस्या हो सकती है. आंखों में हर समय इरिटेशन की समस्या हो सकती है.

# पनीर पॉपकॉर्न

## ★ रेसिपी ★

**सामग्री** – पनीर– ११ टुकड़े, हल्दी पाउडर– १/४ छोटा चम्मच, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर– १/२ छोटा चम्मच, अदरक–लहसुन का पेस्ट– १ छोटा चम्मच, काली मिर्च– १/२ छोटा चम्मच कुटी हुई, मिक्स्ड हर्ब– १/२ छोटा चम्मच, नमक– स्वादानुसार।

**विधी** – मैदा– १/४ कप, कॉर्नफ्लोर– ३–४ बड़े चम्मच, काली मिर्च– १/४ छोटा चम्मच (कुटी हुई), चिली फ्लेक्स, चाट




मसाला, ऑरिगेनो– स्वादानुसार, ब्रेड क्रम्ब्स– १ कप, नमक– १/४ छोटा चम्मच, पानी– १/४ कप, तेल– तलने के लिए।

बोल में कॉर्नफ्लोर, चिली फ्लेक्स, काली मिर्च, नमक, चाट मसाला, ऑरिगेनो और एक चौथाई पानी डालकर अच्छी तरह मिलाएं। ध्यान रहे इसमें गुठलियां न पड़ें। इस पेस्ट में एक–एक करके पनीर के टुकड़े डालें और अच्छी तरह से लपेटें। फिर फ़टाफ़ट ब्रेड क्रम्ब्स में लपेटते हुए गर्म तेल में तलें। – **वैष्णवी निखाडे**

# मीटर रिडिंग करनेवाली एजंसी के खिलाफ मामला दर्ज

अकोला - बिजली बिल कम आए इसलिए नागरिकों द्वारा मीटर से छेड़छाड़ किए जाने के मामले आए दिन सामने आते है, लेकिन अब मीटर रिडिंग का काम करनेवाली



एजेन्सी ने ही मीटर से छेड़छाड़ करने का व्यवसाय शुरू किया है। ऐसी ही एक एजेन्सी की पोलखोल अकोट शहर में हुई है। बिजली ग्राहकों से पैसे लेकर मीटर से छेड़छाड़ करने का काम एजेन्सी के कर्मचारी कर रहे थे, जिससे महावितरण ने संबंधितों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अकोट पुलिस ने विविध धाराओं के तहत तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया।

# बीज महोत्सव का सफल आयोजन

अकोला - बीज महोत्सव की अवधारणा किसानों को उनकी उत्पादन लागत को कम करके आर्थिक समृद्धि प्राप्त करने में सक्षम बनाने और उनके धोखाधड़ी और शोषण को रोकने के लिए लागू की जा रही है। जल संसाधन एवं लाभार्थी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री एवं जिला पालकमंत्री ना. ओमप्रकाश उर्फ बच्चू कडू ने अकोट में प्रस्तुति दी। इस महीने की एक से छह तारीख तक बीज महोत्सव का आयोजन किया गया।


जपसरे हॉस्पिटल & CRITICAL CARE
२४ घंटे सेवा
डॉ. कैलाश जपसरे
M.D. Medicine हृदयरोग तज्ञ
क्रिटीकल केअर • आयसीयु युनिट
अकोट बस स्थानकाच्या बाजुला, अकोट जि. अकोला.

Care Diagnostic Lab
Mob. : 7020909678
केअर डायग्नोस्टीक लॅब
समय : सु. ८.०० से शाम ८.३०
रविवार सु. ८.०० से दो.२.००
अमनखाँ प्लॉट रोड, बॅक ऑफ बडौदा के सामने, सुर्या संकुल, अकोला.
• २४ घंटे आपातकालीन सेवा. •
- हीमॅटोलॉजी
- सायटोलॉजी
- हीस्टो पॅथोलॉजी
- थायराईड
- हार्मोन्स
- ब्लड गॅसेस (ABG)



मे. चेलाराम मशिन्स
• पी.व्हि.सी. पाईप • जी.आय.पाईप • जेट पंप • पंप व अन्य मशिन्स तथा पार्टस् के अधिकृत विक्रेता.
• मानेक टॉकीज के सामने, तिलक रोड, अकोला.
• जापान जीन, दगडीपुल रोड, अकोला.


## स्वास्थ्य सरिता

**पेशाब में जलन-** एक सहायक उपाय - २ ग्रॅम जिरा, २ ग्रॅम मिश्री दोनों का चूर्ण थंडे पानी के साथ फाँक ले। दिन में तीन बार ले। रुका हुआ पेशाब भी खुल जाएँगा।

# "खेल - जगत"



## जुन में होंगे नेशनल-इंटरनेशनल स्पोर्ट्स् इवेंट

जून 2022

नेशनल-इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट

- **9 जून** इंडिया v/s साउथ अफ्रीका T20 मैच नई दिल्ली
- **17 जून** इंडिया v/s साउथ अफ्रीका T20 मैच राजकोट
- **12 जून** इंडिया v/s साउथ अफ्रीका T20 मैच कटक
- **14 जून** इंडिया v/s साउथ अफ्रीका T20 मैच विशाखापट्टनम
- **19 जून** इंडिया v/s साउथ अफ्रीका T20 मैच चेन्नई



- **16 जून से 19 जून** गोल्फ यूएस ओपन
- **24 जून से 27 जून** इंडिया v/s लीसेस्टरशायर 4 डे मैच लीसेस्टर
- **26 जून से 28 जून** इंडिया v/s आयरलैंड T20 मैच डबलिन
- **18 जून से** स्विमिंग वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप
- **27 जून से** लंदन में विंबलडन चैंपियनशिप

# जॉब

### Western Railway
- पद का नाम : अॅप्रेंटीस...
- पात्रता: १० वी पास, आयटीआय
- वयमर्यादा : १८ से २४ वर्ष
- अंतिम दिनांक : २७/०६/२०२२
- www.rrc-wr.com

### Indian Bank - 312 Post
- पद : स्पेशियल ऑफीसर...
- पात्रता : बी.ई., बी.टेक.
- वयमर्यादा : २० से ३५ वर्ष
- अंतिम दिनांक : १४/०६/२०२२
- www.indianbank.in

### MPSC - 63 Post
- पद : सिव्हील जज ज्युनिअर
- पात्रता : एलएलबी, एलएलएम
- वयमर्यादा : २४ से ४५ वर्ष
- अंतिम दिनांक : १३/०६/२०२२
- www.mpsc.gov.in

### Mail Motor Service
- पद : कार ड्रायव्हर...
- पात्रता : नियमानुसार
- वयमर्यादा : अधिकतम ५५ वर्ष
- अंतिम दिनांक : ३०/०६/२०२२
- www.indiapost.gov.in

### NHM Nagpur
- पद : मेडीकल ऑफीसर....
- पात्रता : एम.बी.बी.एस.
- वयमर्यादा : २२ से ३८ वर्ष
- अंतिम दिनांक : १०/०६/२०२२
- www.nagpurzp.com


सारडा करिअर पॉईंट
जॉईन ऑनलाईन क्लासेस
www.sardacareer.in
Also Download APP in Playstore
UPSC/MPSC/STI/PSI
•बँकींग •एम.बी.ए. एन्ट्रन्स •एम.सी.ए. एन्ट्रन्स •स्टाफ सिलेक्शन कमिशन •रेल्वे रिक्रुटमेंट •पोस्ट ऑफिस •तलाठी और सभी स्पर्धा परिक्षा के लिये... अनुभवी विशेषज्ञ और वैयक्तीक मार्गदर्शन के लिये आजही संपर्क करें मो. 9822019629, 9049449933
किंग बेकरी के उपर, एल.आर. टी.कॉलेज रोड, अकोला.


### Border Road Organization
- पद : मल्टीस्कील्ड वर्कर....
- पात्रता : आयटीआय १२ वी
- वयमर्यादा : १८ से २७ वर्ष
- अंतिम दिनांक : २२/०६/२०२२
- www.bro.gov.in

### Indian Air Force
- पद : एनसीसी स्पेशल
- पात्रता : ग्रॅज्युएट....
- वयमर्यादा : २० से २६ वर्ष
- अंतिम दिनांक : ३०/०६/२०२२
- www.afcat.cdas.in

### Police Training MH
- पद : लॉ डायरेक्टर....
- पात्रता : लॉ ग्रॅज्युएट...
- वयमर्यादा : अधिकतम ६० वर्ष
- अंतिम दिनांक : ०५/०६/२०२२
- www.mahapolice.gov.in

### Auto. Eneg. Edu. Soci.
- पद : टीजीटी, पीजीटी
- पात्रता : ग्रॅज्युएट+बी.एड., सी.टी.ई.टी. एक्झाम
- वयमर्यादा : अधिकतम ३५ वर्ष
- अंतिम दिनांक : १२/०६/२०२२
- www.aees.gov.in

## जीवन सरिता

हमारे बोलचाल - व्यवहार से हम अपने परिवार, जाती, समाज और शहर की पहचान बनाते है, इसलिए हमेशा ऐसे जिये की हमसे संबंधीत सभी गौरवान्वीत रहें।

# फिल्मी जगत



## जून में रिलीज होंगी धमाकेदार फिल्में

जून 2022

फिल्म रिलीज





- **3 जून** पृथ्वीराज, जंगल क्राई, मेजर, विक्रम
- **10 जून** जनहित में जारी, डियर दिया, 777 चार्ली
- **17 जून** खुदा हाफिज-चैप्टर 2, निकम्मा
- **24 जून** जुग जुग जियो
- **2 जून से 4 जून तक** अबुधाबी में आईफा अवॉर्ड सेरेमनी होगी।
- **13 जून से** शंघाई में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल होगा।

# उड़ान पुल पर नियमों की हो रही अनदेखी



अकोला – हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हाथों शहर में दो उड़ान पुलों का लोकार्पण किया गया है. इसमें अटल बिहारी वाजपेयी उड़ान पुल पर लोगों की काफी भीड़ देखी जा सकती है. यहां पर बढ़ी संख्या में लोग सेल्फी लेते दिखाई दे रहे हैं. जिससे दुर्घटना की संभावना भी निर्माण हो रही है.

# आदिवासी उत्पादित वस्तुओं की बिक्री के लिए वनाधन बिक्री केंद्र



अकोला – आदिवासी विकास विभाग और जिलाधिकारी की संकल्पना से आदिवासियों द्वारा उत्पादित उत्पादों और सामग्रियों को बिक्री का अधिकार दिया गया है। इसके माध्यम से आदिवासी उत्पादित वस्तुओं सीधे ग्राहकों को बेचकर आदिवासियों की आय में वृद्धि होगी और ग्राहक हर्बल और प्राकृतिक सामग्री खरीद सकेंगे ऐसा मंतव्य जिलाधिकारी नीमा अरोरा ने पेश किया। आदिवासी विकास विभाग व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा वनधन बिक्री केंद्र के उद्घाटन समारोह में वे बोल रही थी।

# नालों पर किया अतिक्रमण ध्वस्त

अकोला – महानगरपालिका क्षेत्र में सड़कों के किनारे लघु व्यवसायियों के अतिक्रमण से घिरे हुए है, वहीं नालों पर पक्का अतिक्रमण किया गया है। इस कारण कई नालों की बरसों से साफसफाई नहीं हो पाई। इस बार मनपा की ओर से बाधाओं को दूर करने नालों पर किया गया अतिक्रमण ध्वस्त किया जा रहा है। शिवनी में नालों पर किया गया अतिक्रमण जेसीबी के जरिए तोड़ा गया।

# मनपा क्षेत्र की ४,२०० से अधिक इमारतों पर लगा १० प्रतिशत अतिरिक्त कर

अकोला – महानगरपालिका क्षेत्र में विगत पांच वर्ष पूर्व करवृद्धि की गई थी। इस करवृद्धि को आज तक कई संपत्तिधारक स्वीकार कर नहीं पाए है, जिससे बकाया का आंकड़ा करोड़ों में पहुंच गया है। इस बीच मनपा ने बड़ी इमारतों को १० प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाने का निर्णय लिया है। इस संदर्भ में ४२०० से अधिक संपत्तिधारकों को नोटिस जारी की गई है।

# अकोला, जलगांव की जलापूर्ति योजनाओं को मंजूरी

अकोला – महाराष्ट्र के जलापूर्ति व स्वच्छता मंत्री गुलाबराव पाटील की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार समिति ने राज्य के १७ जिलों की ४५४ जलापूर्ति योजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें जिला परिषदों की ४५१ और महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण की ३ योजनाएं शामिल हैं।

# काटेपूर्णा बांध में फिलहाल ३३.५३ प्रतिशत जलसंचय



अकोला – शहर समेत नदी किनारे वाले ६४ गावों की तृष्णातृप्ति करने वाले बार्शिटाकली तहसील के महान स्थित काटेपूर्णा बांध में फिलहाल ३३.५३ प्रतिशत जलसंचय है, जो बीते साल की तुलना में ६ प्रतिशत अधिक है। आगामी दिनों में जलभंडारण के लिए यह बांध सज्ज है। बीते साल अच्छी बारिश के चलते महान बांध शतप्रतिशत भर गया था।

कई बार बांध के गेट खोलने पड़े थे। बांध में जलभंडारण शतप्रतिशत होने के कारण नदी तट पर रहने वाले किसानों को भी रब्बी के मौसम में सिंचाई के लिए जलापूर्ति की गई थी।

# खरीफ मौसम बुआई के समय महाबीज के बीजो की कमी

अकोला – किसान महाबीज के सोयाबीन बीज खरीदने के लिए भागदौड़ करते हुए दिखाई दे रहे है। महाबीज ने इस वर्ष बाजार में केवल ४२ हजार क्विंटल बीज उपलब्ध करवाया है। प्रति वर्ष प्रदेश में १० लाख क्विंटल सोयाबीन बीज की मांग होती है किंतु इस वर्ष महाबीज ने बाजार में केवल ४२ हजार क्विंटल बीज बाजार में उपलब्ध करवाया है। सोयाबीन बीज के बढ़े दाम तथा महाबीज के महंगे किंतु बीज बाजार में उपलब्ध नहीं है। अकोला के बीज बिक्री केंद्रों में अकोला के साथ वाशिम, बुलढाणा जिले के किसान महाबीज के बीज के लिए प्रयास करते हुए आसानी से दिखाई दे रही है।


















यह पत्र मालक, प्रकाशक, सम्पादक ज्योतिन्द्र शांतीलाल जैन इन्होने मुद्रक संतोष गणपतराव धरमकर इनके श्रीकृपा प्रिंटर्स, जापान जीन, दगडी पुल रोड, अकोला (महाराष्ट्र) यहाँ छपवाकर कार्यालय सा. दिव्य हिन्दी, जापान जीन दगडी पुल रोड अकोला-४४४ ००१ (महाराष्ट्र) यहाँ से प्रकाशित किया. कोई भी विवाद केवल अकोला न्यायालय अंतर्गत ▪ सम्पादक : ज्योतिन्द्र शांतीलाल जैन

सूचना : साप्ताहिक दिव्य हिन्दी में छपी जानकारीयाँ विज्ञापनों की जाँच परख करने के पश्चात ही पाठक गण अपना कदम उठाये. हमारी हमेशा यही कोशिश रहती है कि, आप तक सही जानकारी पहुँचाए, फिर भी कॉम्प्युटर/डिटीपी टाईपसेटींग या अन्य किसी कारण से कोई गलती रह जाती है तो, उसके लिये साप्ताहिक दिव्य हिन्दी के मालक, प्रकाशक, सम्पादक, प्रबंध सम्पादक जवाबदार नहीं. कृपया पाठकगण इसका ध्यान रखें.